स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

'सिविक सेंटर स्थित बैंक कॉलोनी में आयुक्त सुंदरानी के उपस्थिति में किया गया भारतीय जीवन बीमा निगम के स्टॉफ द्वारा स्वच्छता एप डाउनलोड'

भिलाईनगर/विगत दिनों से आयुक्त महोदय की उपस्थिति में स्वच्छता एप डाउनलोड कराने का कार्य निगम के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है आज भी आयुक्त महोदय की उपस्थिति में भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय जो कि सिविक सेंटर में स्थित है में भारतीय जीवन बीमा निगम के स्टाफ के द्वारा स्वच्छता एप डाउनलोड किया गया आयुक्त सुंदरानी ने स्वच्छता के महत्व को बताते हुए स्वच्छता एप डाउनलोड कर एप के माध्यम से अधिक से अधिक कंप्लेन करने की अपील की। आयुक्त महोदय ने सिविक सेंटर स्थित चाय दुकान में पहुंचकर नन्हे चाय दुकान के मालिक से चर्चा की जहां पर उन्होंने चाय पीने वाले व्यक्तियों, लोगों को स्वच्छता एप डाउनलोड कराने संबंधी चर्चा की । चर्चा स्थल पर राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के वीटीपी पूर्व से ही मौजूद थे नन्हे चाय वाले को स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। आयुक्त महोदय के भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी आई. एल. यादव, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अधिकारी, कर्मचारी सहित निगम प्रशासन के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

जन सम्पर्क अधिकारी